## संपादकीय

# खुलेआम हत्याओं से चिंता

गवाह किसी भी मुकदमे की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। आरोपी को सजा होना काफी हद तक उसकी गवाही पर निर्भर करता है। गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती है, तो फिर गंभीर आपराधिक मामलों में इंसाफ की उम्मीद भी छोड़ देनी होगी।

बिहार में हाल में सरेआम हत्याएं हुई हत्याओं ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंता पैदा कर दी है। पिछले दिनों अररिया में पत्रकार विमल कुमार यादव की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। उसके अलावा कम से कम महत्त्वपूर्ण मुकदमों के तीन अन्य गवाह भी गोलियों का निशाना बन चुके हैं। गौरतलब है कि इन सभी मामलों में निशाना बने लोगों को पहले से धमकियां मिल रही थीं, लेकिन उनकी सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। इसीलिए इन घटनाओं से राज्य सरकार आलोचनाओं के केंद्र में आई है। पत्रकार विमल कुमार यादव अपने छोटे भाई और सरपंच शशि भूषण की चार वर्ष पूर्व हुई हत्या के एकमात्र गवाह थे। उन्हें कई मौकों पर भाई के हत्यारों के खिलाफ गवाही देने से रोका गया था। बात नहीं मानने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई थी। लेकिन उन्होंने गवाही दी। नतीजा 17 अगस्त की सुबह उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। इस घटना के तीन दिन बाद बेगूसराय जिले के बछवाड़ा में एक रिटायर्ड शिक्षक जवाहर चौधरी को गोलियों से भून डाला गया। अपने छोटे पुत्र नीरज चौधरी की 2021 में हुई हत्या के मामले में वे चश्मदीद गवाह थे। आरोपी उन्हें इस मामले में पीछे हटने की धमकी दे रहे थे। लेकिन वे इसके लिए तैयार नहीं थे, तो अगली गवाही के ठीक एक दिन पहले उनकी हत्या कर दी गई।

उधर सारण जिले में एक हत्याकांड के गवाह गवाही से ठीक पहले हत्या कर दी गई। परिजनों का आरोप है कि उन्हें पहले जहर दिया गया और फिर उनके शव को नहर के किनारे फेंक दिया गया। साफ है कि हालिया घटनाएं न्याय प्रक्रिया को बाधित करने के प्रयास में की गई हैं। गवाह किसी भी मुकदमे की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। आरोपी को सजा होना काफी हद तक उसकी गवाही पर निर्भर करता है। गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती है, तो फिर गंभीर आपराधिक मामलों में इंसाफ की उम्मीद भी छोड़ देनी होगी। इसलिए हालिया हत्याओं में जवाबदेही प्रशासन और सरकार की बनती है। वरना, बिहार में जंगल राज के आरोप फिर संगीन होने लगेंगे।

### एशिया कप 2023

# पाक के खिलाफ मैच से पहले ईशान किशन के बल्लेबाजी क्रम को लेकर असमंजस बरकरार



**पालेकल।** केएल राहुल की अनुपस्थिति में ईशान किशन एशिया कप में विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ दो सितंबर को होने वाले भारत के पहले मैच से पूर्व इस बाएं हाथ के बल्लेबाज के बल्लेबाजी क्रम को लेकर असमंजस बरकरार है. राहुल एशिया कप के पहले दो मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे और ऐसे में किशन को सलामी बल्लेबाज के तौर पर भी उतारा जा सकता है. वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की पिछली एकदिवसीय श्रृंखला में उन्होंने शुभमन गिल के साथ पारी का आगाज किया था और अपना अच्छा प्रभाव छोड़ा था.

किशन ने उस श्रृंखला के तीन मैचों में 61.33 की औसत से 184 रन बनाए थे। उन्होंने 52, 55 और 77 रन की अर्धशतकीय पारियां खेली थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में हालांकि रोहित शर्मा को विश्राम दिया गया था. अब जबकि रोहित की वापसी हो गई है तो उनका सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरना तय है और ऐसे में भारतीय टीम प्रबंधन को किशन के बल्लेबाजी क्रम को लेकर विचार करना पड़ रहा है. किशन ने पारी का आगाज करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है . उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में ही दोहरा शतक जड़ा था.

भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि किशन को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारना चाहिए क्योंकि वह अपनी बेफिक्र बल्लेबाजी से भारत को शुरू में मजबूत स्थिति में पहुंचा सकते हैं. अगर किशन पारी की शुरुआत करते हैं तो फिर गिल को तीसरे और विराट कोहली को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना होगा. इसका मतलब यह होगा कि चोट से उबर कर वापसी करने वाले श्रेयस अय्यर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे. ऐसे में हार्दिक पंड्या छठे नंबर पर उतरेंगे और टीम में सूर्यकुमार यादव के लिए कोई जगह नहीं होगी.

सूर्यकुमार अभी तक वनडे में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन उनके कौशल को देखकर उन्हें टीम में रखा गया है. अगर टीम प्रबंधन उन्हें अंतिम एकादश में रखना चाहेगा तो फिर अय्यर को मैदान पर वापसी करने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है. भारत इसके अलावा एक अन्य विकल्प पर काम कर सकता है। वह किशन को तीसरे नंबर पर उतार सकता है जिसके बाद कोहली चौथे और अय्यर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। ऐसी स्थिति में रोहित और गिल पारी का आगाज करेंगे.

किशन को मध्यक्रम में भी उतारा जा सकता है. उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अभी तक जो चार पारियां खेली हैं उनमें उन्होंने दो अर्धशतक जमाए हैं. उन्हें पांचवें नंबर पर भी उतारा जा सकता है लेकिन अभी तक उन्होंने जो 17 वनडे मैच खेले हैं उनमें इस नंबर पर बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे हैं.

# गूगल की एआई संचालित खोज अब भारत व जापान में उपलब्ध




**नई दिल्ली ।** गूगल ने अमेरिका के बाहर सबसे पहले भारत और जापान में अपने जेनरेटिव एआई सर्च इंजन का विस्तार किया। नई एआई-संचालित खोज सुविधा, जिसे एसजीई (सर्च जेनरेटिव एक्सपीरियंस) कहा जाता है, इन बाजारों में गूगल की खोज लैब्स के माध्यम से उपलब्ध होगी और एक नई सुविधा पेश करेगी, जिसका उद्देश्य एआई-संचालित अवलोकनों में जानकारी ढूंढना आसान बनाना है।

एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, इस सप्ताह, हमने अमेरिका के बाहर भारत और जापान में सर्च लैब्स लॉन्च कीं, इससे लोगों को विषयों को तेजी से बेहतर ढंग से समझने, नए दृष्टिकोण और अंतर्दृष्टि प्राप्त करने व चीजों को अधिक आसानी से पूरा करने में मदद मिली।

अब इसके जरिए अमेरिका के समान, भारत और जापान में लोग क्वेरी टाइप करके या वॉयस इनपुट का उपयोग करके अपनी स्थानीय भाषाओं में जेनरेटिव एआई क्षमताओं का उपयोग करने में सक्षम होंगे।

भारत में, यूजर्स को बहुभाषी वक्ताओं को अंग्रेजी और हिंदी के बीच आसानी से आगे और पीछे स्विच करने में मदद करने के लिए एक भाषा टॉगल भी मिलेगा, और वे प्रतिक्रियाओं को भी सुन सकते हैं, जो एक लोकप्रिय प्राथमिकता है। तकनीकी दिग्गज ने कहा कि दोनों देशों में, खोज विज्ञापन पूरे पृष्ठ पर समर्पित विज्ञापन स्लॉट में प्रदर्शित होते रहेंगे।

गूगल ने कहा, आज से, जब आप एआई-संचालित अवलोकन में जानकारी के बगल में एक तीर आइकन देखते हैं, तो आप प्रासंगिक वेब पेज देखने के लिए क्लिक कर सकते हैं, और साइटों पर जाकर आसानी से अधिक जान सकते हैं।

# लीजेंड्स लीग क्रिकेट 18 नवंबर से

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के दूसरे सत्र का आयोजन भारत में 18 नवंबर से नौ दिसंबर तक किया जाएगा।

आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एलएलसी का पहला सत्र पिछले साल अक्टूबर में इंडिया कैपिटल्स ने जीता था। आयोजकों ने बयान में कहा, खेल के दिग्गज खिलाडिय़ों के भारत आने से लीजेंड्स लीग क्रिकेट के आगामी सत्र में निश्चित रूप से रोमांच बढ़ेगा।

आयोजकों ने आगामी सत्र के मुकाबलों का आयोजन नए स्थलों पर करने की योजना बनाई है।

LEGENDS LEAGUE CRICKET

सुरेश रैना, आरोन फिंच, हाशिम अमला, रोस टेलर, क्रिस गेल जैसे स्टार क्रिकेटर एलएलसी के पहले सत्र में खेले थे।

एलएलसी के आयुक्त रवि शास्त्री ने कहा, आ जाओ, विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का हमेशा स्वागत है। और अधिक लीजेंड्स के खेल से जुड़ने से मैदान पर और अधिक मजे की उम्मीद है।

# शिपरॉकेट के स्वामित्व वाली ओमुनी ने की 35 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी



**नई दिल्ली ।** शिप्रॉकेट के स्वामित्व वाले रिटेल सास (सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस) प्लेटफॉर्म ओमुनि ने इस महीने की शुरुआत में पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने लगभग 35 प्रतिशत कार्यबल या लगभग 60-70 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

इंक 42 ने सूत्रों के हवाले से बताया कि नौकरी में कटौती ने तकनीकी, उत्पाद और बिक्री टीमों के कर्मचारियों को प्रभावित किया।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बेंगलुरु स्थित कंपनी सीईओ और सह-संस्थापक मुकुल बाफना और सीटीओ सुमीत चंडोक सहित वरिष्ठ प्रबंधन टीम को भी बाहर कर देगी।

शिपरॉकेट के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, शिपरॉकेट में, हम एक पूर्ण-स्टैक ई-कॉमर्स सक्षम मंच का निर्माण कर रहे हैं और हमेशा साझेदारी, विलय और अधिग्रहण के माध्यम से अपने व्यापारियों के लिए एक बड़ा व्यावसायिक प्रभाव पैदा करने के अवसरों की तलाश में रहते हैं।

यह कहा गया कि, जैसा कि हम ओमुनि सहित अधिग्रहणों के साथ तालमेल तलाशते हैं, इसके परिणामस्वरूप अक्सर संगठन-व्यापी स्तर पर कार्यबल का एकीकरण होता है और हमने विभिन्न समूह कंपनियों में कुछ टीमों को एकीकृत किया है। एक कंपनी के रूप में, हम अपने दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

प्रभावित कर्मचारियों को दो महीने का वेतन मिलेगा।

ओमुनि, जिसकी स्थापना 2014 में हुई थी, ब्रांडों और खुदरा विक्रेताओं के लिए एक सर्वव्यापी खुदरा मंच है। शिपरॉकेट ने पिछले साल जुलाई में स्टॉक और नकद सौदे में200 करोड़ रुपये में ओमुनी को अरविंद इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड से खरीदा था।

इस बीच, घरेलू हेल्थटेक स्टार्टअप केनको हेल्थ ने अपने 20 फीसदी कर्मचारियों को हटा दिया है।

सूत्रों के हवाले से इनट्रैकर ने बताया कि कंपनी ने कम से कम 50-60 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है, हालांकि यह संख्या अधिक भी हो सकती है।

# पिछले 10 साल में रिलायंस ने 150 अरब डॉलर का किया निवेश

### ❑ भारतीय कॉर्पोरेट घरानों में सबसे आगे



**नई दिल्ली ।** रिलायंस ने पिछले 10 साल में कुल 150 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है जो देश में किसी भी अन्य कॉर्पोरेट घराने से अधिक है, और दुनिया भर के प्रमुख व्यवसायों के बराबर है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की 46वीं एजीएम में अपने संबोधन में यह बात कही।

अंबानी ने कहा, पूरी विनम्रता के साथ मैं कहना चाहूंगा कि नया रिलायंस उभरते हुए नए भारत का अग्रदूत रहा है। बढ़ती महत्वाकांक्षा के साथ हमने असंभव से दिखने वाले लक्ष्य निर्धारित किए और उन्हें हासिल किया।

उन्होंने कहा, इस नई रिलायंस का वर्णन करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम अब विशिष्ट क्षमताओं के साथ एक नए युग की प्रौद्योगिकी कंपनी बन गए हैं। आज हम प्रौद्योगिकी के शुद्ध उत्पादक, प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने वाले के साथ ही प्रौद्योगिकी का लोकतांत्रिकरण करने वाले भी हैं।

अंबानी ने कहा, रिलायंस के बारे में जो सच है, वह अन्य भारतीय उद्यमों, अग्रणी कॉरपोरेट्स और स्टार्ट-अप्स के बारे में भी उतना ही सच है। मैं उनकी शानदार उपलब्धियों की बहुत प्रशंसा करता हूं। उन्होंने भी विकास, गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता और नवप्रवर्तन के प्रति जुनून के अपने शानदार प्रदर्शन से विश्व स्तर पर देश की प्रसिद्धि बढ़ाकर भारत को गौरवान्वित किया है।

# अडानी ग्रुप की मुश्किलें बढ़ी, हिंडनबर्ग के बाद अब शेयरों में गड़बड़ी के लगे आरोप




**नई दिल्ली ।** अडानी ग्रुप की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अब ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की रिपोर्ट ने अडानी की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। इस रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि गौतम अडानी ने शेयरों के साथ गड़बड़ी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अडानी ग्रुप ने गुपचुप तरीको से खुद अपने शेयर्स खरीद कर के स्टॉक एक्सचेंज में करोड़ों डॉलर का निवेश कर रखा है।

रिपोर्ट में कहा कि इसकी जांच में कम से कम दो मामले पाए गए जहां गुमनाम निवेशकों ने ऐसी ऑफश्योर स्ट्रक्चर के माध्यम से अडानी ग्रुप के स्टॉक खरीदा और बेचा। हालांकि, अडानी समूह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। आपको बता दें कि अरबपति जॉर्ज सोरोस और रॉकफेलर ब्रदर्स फंड जैसे संस्थाओं द्वारा फंडिंग मिलती है। जॉर्ज सोरोस वही अरबपति हैं, जो समय-समय पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना करते रहते हैं।

बता दें, जनवरी महीने में अमेरिका की शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने भी ऐसे ही आरोप लगाए थे। हिंडनबर्ग ने कहा था कि अडानी ग्रुप ने शेल कंपनियों के जरिए शेयरों में गड़बड़ी की है। इसके अलावा ऑडिट और कर्ज समेत कई अन्य मुद्दों पर भी समूह को घेरा था। अडानी समूह ने हिंडनबर्ग के दावों को भ्रामक और बिना सबूत वाला बताया और कहा कि उसने हमेशा कानूनों का अनुपालन किया है।

# मुंहासों के जिद्दी दागों को कम करने के लिए आजमाएं घरेलू नुस्खे



सबसे आम त्वचा समस्याओं में से एक मुंहासें तब होते हैं, जब मृत त्वचा कोशिकाएं, तेल और बैक्टीरिया त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर देते हैं।कई बार मुंहासें तो ठीक हो जाते हैं, लेकिन इनके दागों से छुटकारा पाना मुश्किल हो जाता है।अगर आप मुंहासों के दागों से निपटने के लिए कई तरह के कॉस्मेटिक उत्पादों को आजमाकर थक चुके हैं तो कुछ समय के लिए नीचे बताए गए इन 5 प्रभावी घरेलू नुस्खों को अपनाएं।

### नींबू का करें उपयोग

विटामिन- सी से भरपूर नींबू त्वचा के रोमछिद्रों को खोलने में मदद करके मुंहासों के दागों को कम कर सकता है।इसमें मैग्नीशियम एस्कॉर्बिल फॉस्फेट भी होता है, जिसका त्वचा पर हाइड्रेटिंग प्रभाव पड़ता है और यह त्वचा को एक्सफोलिएट भी करता है।लाभ के लिए ताजे नींबू के रस को रूई से प्रभावित जगह पर लगाएं, फिर 1-2 मिनट के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।यहां जानिए माथे से मुंहासे दूर करने के घरेलू नुस्खे।

### जायफल भी है असरदार

एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर जायफल मुंहासे के दागों को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है और आपको साफ त्वचा प्रदान कर सकता है। इसके अलावा यह त्वचा को एक्सफोलिएट करके तैलीय प्रभाव को भी संतुलित करता है।लाभ के लिए जायफल और दालचीनी पाउडर को शहद के साथ मिलाएं और इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं। इसके बाद चेहरे को सामान्य पानी से धो लें।

### गुलाब के बीज का तेल आएगा काम

गुलाब के बीज का तेल भी मुंहासों के दाग हटाने में मदद कर सकता है।कई अध्ययनों के अनुसार, जो लोग नियमित रूप से गुलाब के बीज के तेल का उपयोग करते हैं, उन्हें 6 से 12 सप्ताह के अंदर इसका सकारात्मक प्रभाव दिखना शुरू हो जाता है।लाभ के लिए तेल को सीधे दाग वाली जगह पर लगाएं और रातभर के लिए छोड़ दें। अगली सुबह ठंडे पानी से चेहरे को साफ कर लें।

### सेब के सिरके से भी होगा फायदा

एंटी-इंफ्लेमेंटरी गुण से भरपूर सेब का सिरका भी मुंहासों के दाग दूर करने के लिए एक प्रभावी उपाय है।यह बैक्टीरिया और कवक से लडऩे में मदद करता है, जो मुंहासों का कारण बन सकते हैं। यह सूजन और लालिमा को कम करने में भी मदद करता है।लाभ के लिए सेब के सिरके को थोड़े से पानी और शहद के साथ मिलाकर प्रभावित जगह पर लगाएं। 10 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें।

### टी ट्री ऑयल भी है मददगार

टी ट्री ऑयल में एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो मुंहासों और घावों के दागों को दूर कर सकते हैं।लाभ के लिए टी ट्री ऑयल की कुछ बूंदों को मीठे बादाम या जोजोबा तेल के साथ मिलाकर मुंहासों के दागों पर लगाएं और फिर एक घंटे के बाद त्वचा को गुनगुने पानी से धो लें।हालांकि, इस उपाय को आजमाने से पहले एक पैच टेस्ट जरूर करें क्योंकि टी ट्री ऑयल त्वचा में जलन पैदा कर सकता है।

# कृति खरबंदा और सनी सिंह की फिल्म रिस्की रोमियो का ऐलान, पहली बार बनी जोड़ी



बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक अबीर सेनगुप्ता ने अपनी अगली फिल्म रिस्की रोमियो का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कृति खरबंदा और सनी सिंह की जोड़ी बनी है।फिल्म में कृति और सनी पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आएंगे। यह पहली बार होगा कि दोनों बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं।हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने रिस्की रोमियो का मोशन पोस्टर भी साझा कर दिया है।

निर्माताओं ने एक शानदार और आकर्षक मोशन पोस्टर के साथ अपनी फिल्म रिस्की रोमियो की घोषणा की।अबीर ने लिखा, और फिल्में बनाने का मेरा सफर अभी जारी है, जैसा कि मैं अपने निर्देशन में बनी अगली फीचर फिल्म रिस्की रोमियो की घोषणा कर रहा हूं। इसमें सनी और कृति जैसे शानदार कलाकार शामिल हैं। मैं इससे अधिक की उम्मीद नहीं कर सकता था।निर्देशक ने बताया कि फिल्म की शूटिंग इसी साल सर्दियों में शुरू हो जाएगी।

# आज का राशिफल

***मेष-*** आज का दिन अच्छा रहेगा। आज अचानक घर पर कोई करीबी रिश्तेदार आ सकते है, जिससे घर में ख़ुशी का माहौल रहेगा। इस राशि के बिल्डर्स को आज धनलाभ होगा साथ ही नया कॉन्ट्रेक्ट भी मिल सकता है।

***वृष-*** आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। किसी जरूरी काम के पूरा होने पर बधाईयां देने के लिए लोगों का आवागमन लगा रहेगा। आज किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं।

***मिथुन-*** आगे बढऩे के लिए आज का दिन बेस्ट है। कई दिनों से आपकी तरक्की में आ रही रूकावटें आज दूर हो जाएंगी । परिवार में आज सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। आज जीवनसाथी को कहीं बाहर घूमने ले जाने का वादा कर सकते हैं।

***कर्क-*** आज का दिन आप के लिए अनुकूल रहेगा। ऑफिस में आज किसी बड़े काम की जिम्मेदारी आपके कंधे पर आ सकती है। आज सामने आई सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता अवश्य हाथ लगेगी।

***सिंह-*** आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे वो आसानी से पूरा हो जाएगा। आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहने वाला है। किसी काम को करने में आज जल्दबाजी करने से बचें । बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है।

***कन्या-*** आज तकदीर आपके साथ रहेगी। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी मदद से पूरा हो जाएगा। आज किसी दूसरे के काम में राय देने से बचें। आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें।

***तुला-*** आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आज पारिवारिक रिश्तों में मिठास आएगी। आज परिवार के साथ बाहर घूमने का प्लान भी बन सकता है। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लागों का आज मान-सम्मान बढ़ेगा।

***वृश्चिक-*** आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। आज माता-पिता के साथ मंदिर में जाने का प्लान बना सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही परेशानियां आज खत्म होगी। इस राशि के नौकरीपेशा लोगों को आज सुनहरा मौका मिलेगा।

***धनु-*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले स्टूडेंट के लिए आज सफलता मिलना निश्चित है। जॉब की तलाश कर रहे लोगों की तलाश समाप्त होगी।

***मकर-*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। लॉ कर कर रहे विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, किसी बड़े वकील के यहां इन्टर्न करने का मौका मिलेगा। पेरेंट्स आज बच्चों की जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जाएंगे।

***कुंभ-*** अगर आप नौकरी कर रहें तो आज ट्रांसफर किसी ऐसे स्थान पर हो सकता है, जहां से अप-एण्ड-डाउन करने में आसानी होगी। पारिवारिक कामों को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा।

***मीन-*** आज दिन बहुत अच्छा रहेगा। सडक़ पर चलते समय आप सतर्क रहें। इस राशि छात्रों के लिए आज का दिन अच्?छा है उनकी पढ़ाई में आ रही समस्याएं दूर होगी।


# शब्द सामर्थ्य- 171

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 170 का हल**



# सू-दोकू- 171

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.170 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |